# अमेरिका और भारत में गूगल की एंटीट्रस्ट शिकायतें

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

हाल ही में एक अमेरिकी ज़िला न्यायालय ने **गूगल को खोज और टेक्स्ट** विज्ञापन **में एकाधिकारवादी प्रथाओं** का दोषी पाया है, जिससे उसका दीर्घकालिक प्रभुत्व बाधित हुआ है और यह भारत के नए डिजिटिल प्रतिस्पर्द्धा कानून की चर्चाओं के साथ भी मेल खाता है।

- गूगल ने उपकरणों पर अपनी डिफॉल्ट खोज इंजन स्थिति को बनाए रखने के लिये प्रतिवर्ष 26 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है, जिसमें सामान्य खोज सेवाओं में **89.2% और मोबाइल पर 94.9% की पर्याप्त हिस्सेदारी बाज़ार में** है।
- भारत में **अलायंस ऑफ डिजिटिल इंडिया फाउंडेशन (Alliance of Digital India Foundation- ADIF) ने** भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (Competition Commission of India- CCI) के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें दावा किया गया है कि गूगल का प्रभुत्व प्रतिस्पर्द्धा में बाधा डालता है और भारतीय व्यवसायों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।
  - ADIF भारत के डिजिटिल स्टार्टअप के लिये एक उद्योग निकाय है जिसका गठन वर्ष 2020 में किया गया था ताकि **वर्ष 2030 तक भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को वैश्विक स्तर पर शीर्ष 3 में** बदला जा सके।
  - ADIF को चिंता है कि **गूगल की प्राइवेसी सैंडबॉक्स पहल**, जो **क्रोम से तीसरे पक्ष के कुकीज** को हटाती है, डिजिटिल विज्ञापन में **गैर-गूगल डिमांड साइड प्लेटफॉर्म** की प्रभावशीलता में बाधा उत्पन्न कर सकती है।
  - यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब भारत **डिजिटिल प्रतिस्पर्द्धा** कानून पर चर्चा कर रहा है, जिससे बड़ी टेक कंपनियों द्वारा अनुपालन में वृद्धि हो सकती है। यह **CCI द्वारा Google पर अविश्वास जाँच के बीच भी सामने** आया है, जिसने वर्ष 2022 में Android से संबंधित श्रेणियों में "बाज़ार में अपनी प्रमुख स्थिति का दुरुपयोग" करने के लिये जुर्माना लगाया था।
- **भारत डिजिटिल प्रतिस्पर्द्धा विधेयक, 2024** का प्रस्ताव कर रहा है, जिसका उद्देश्य अनुमानित मानदंड निर्धारित करके और **भारी जुर्माना लगाकर प्रतिस्पर्द्धा-विरोधी प्रथाओं पर अंकुश लगाना** है।
  - विधेयक में समूह कंपनियों के बीच डेटा उपयोग को विनियमित करने में **एसोसिएट डिजिटिल एंटरप्राइजेज (Associate Digital Enterprises- ADE)** की भूमिका पर भी ध्यान दिया गया है।

**और पढ़ें:** बिग-टेक का विनियमन: भारत और विश्व

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/google-faces-antitrust-complaints-in-the-us-and-india